नैक (NAAC) द्वारा 'A' ग्रेड प्राप्त

ज्ञान शांति मैत्री

**महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा**

**Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya**

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

*(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)*

# हिंदी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. शुक्ल की उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी जी से वार्ता

**वर्धा, 08 सितंबर, 2020 :** महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा, महाराष्ट्र के कुलपति प्रो. रजनीश कुमार शुक्ल की उत्तरप्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी जी से




विश्वविद्यालय की अकादमिक गतिविधियों, संचालित नवोन्मेषी पाठ्यक्रमों तथा केंद्रों के विकास के संदर्भ में मुख्यमंत्री आवास पर वार्ता हुई। सोमवार, 7 सितंबर को 45 मिनट की इस वार्ता में कुलपति प्रो. शुक्ल ने वैश्विक स्तर पर हिंदी के संवर्धन एवं प्रचार-प्रसार हेतु विश्वविद्यालय द्वारा चलाए जा रहे पाठ्यक्रमों व अकादमिक गतिविधियों तथा विश्वविद्यालय

के प्रयागराज व कोलकाता क्षेत्रीय केंद्रों में संचालित गतिविधियों के बारे में मुख्यमंत्री जी को अवगत कराया। मुख्यमंत्री योगी जी ने कुलपति प्रो. शुक्ल के नेतृत्व में विश्वविद्यालय द्वारा चलाए जा रहे अकादमिक कार्यक्रमों भूरि-भूरि प्रशंसा की।

वार्ता के दौरान मुख्यमंत्री जी ने प्रयागराज क्षेत्रीय केंद्र को अनुसंधान के बड़े केंद्र के रूप में विकसित करने की इच्छा प्रकट की। मुख्यमंत्री जी ने यह भी कहा कि विदेशी भाषा शिक्षण तथा विदेशी विद्यार्थियों के लिए हिंदी शिक्षण के पाठ्यक्रम व अकादमिक कार्यक्रम प्रयागराज क्षेत्रीय केंद्र में भी प्रारंभ होने चाहिए, जिससे हिंदी को वैश्विक स्तर पर विस्तारित करने में महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय द्वारा किये जा रहे प्रयासों में उत्तरप्रदेश शासन भी सहयोग कर सके। हिंदी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. शुक्ल ने विश्वविद्यालय द्वारा प्रस्तावित हिंदी भाषा में विधि स्नातक पाठ्यक्रम की योजना के संदर्भ में भी मुख्यमंत्री जी को अवगत कराया। मुख्यमंत्री योगी जी ने विश्वविद्यालय द्वारा प्रस्तावित विधि शिक्षण के पाठ्यक्रमों हेतु कुलपति को शुभकामनाएं व्यक्त की और कहा कि हिंदी विश्वविद्यालय को अपने केंद्रों पर मराठी, हिंदी और बांग्ला इन तीनों भाषाओं में विधि शिक्षण के पाठ्यक्रमों के संचालन के बारे में सोचना चाहिए। मुख्यमंत्री योगी जी ने विश्वविद्यालय द्वारा हिंदी के विकास के लिए किये जा रहे प्रयासों में उत्तर प्रदेश शासन द्वारा हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया।

---

## हिंदी विश्वविद्यालयाचे कुलगुरु प्रो. शुक्ल यांची<br>उत्तरप्रदेशचे मुख्यमंत्री योगी जी यांच्याशी चर्चा

**वर्धा, 08 सप्टेंबर, 2020 :** महात्मा गांधी आंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा, महाराष्ट्र चे कुलगुरु प्रो. रजनीश कुमार शुक्ल यांनी उत्तरप्रदेशचे मुख्यमंत्री योगी जी यांच्याशी विश्वविद्यालयातील अकादमिक कार्यक्रम, संचालित नवोन्मेषी अभ्यासक्रम आणि केंद्रांच्या विकासा संदर्भात मुख्यमंत्री निवासात चर्चा केली. सोमवार, 7 सप्टेंबर रोजी 45 मिनीटांच्या चर्चेत कुलगुरु प्रो. शुक्ल यांनी वैश्विक स्तरावर हिंदीचे संवर्धन व प्रचार-प्रसाराकरिता विश्वविद्यालयाच्या वतीने चालविण्यात येत असलेले अभ्यासक्रम तसेच प्रयागराज व कोलकाता क्षेत्रीय केंद्रांवरील कार्यपद्धतीची माहिती मुख्यमंत्री योगी यांना दिली. मुख्यमंत्री योगी जी यांनी कुलगुरु प्रो. शुक्ल यांच्या नेतृत्वात विश्वविद्यालयाच्या वतीने सुरू असलेल्या कार्यक्रमांची प्रशंसा केली.

यावेळी मुख्यमंत्री योगी यांनी प्रयागराज क्षेत्रीय केंद्राला संशोधनाचे मोठे केंद्र म्हणून विकसित करण्याची इच्छा प्रकट केली. मुख्यमंत्री म्हणाले की विदेशी भाषा शिक्षण आणि विदेशी विद्यार्थ्यांकरिता हिंदी शिक्षणाचे अभ्यासक्रम व अकादमिक कार्यक्रम प्रयागराज क्षेत्रीय केंद्रामध्येही प्रारंभ झाले पाहिजे, यामुळे हिंदीला वैश्विक स्तरावर विस्तारित करण्यात महात्मा गांधी आंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालयाच्या प्रयत्नांमध्ये उत्तरप्रदेश शासन सुद्धा सहयोग करु शकेल. कुलगुरु प्रो. शुक्ल यांनी विश्वविद्यालयात प्रस्तावित हिंदी भाषेत विधी स्नातक अभ्यासक्रमाच्या योजनेची माहिती मुख्यमंत्री योगी जी यांना दिली. मुख्यमंत्री योगी जी यांनी यासाठी कुलगुरु प्रो. शुक्ल यांना शुभेच्छा देत हिंदी विश्वविद्यालयाने आपल्या केंद्रांवर मराठी, हिंदी आणि बांग्ला या तीनही भाषांमध्ये विधी शिक्षणाचे अभ्यासक्रम सुरू करण्यावर विचार केला पाहिजे अशी अपेक्षा व्यक्त केली. मुख्यमंत्री योगी जी यांनी विश्वविद्यालया द्वारे हिंदीच्या विकासाकरिता चालविण्यात येत असलेल्या प्रयत्नांना उत्तर प्रदेश शासन सर्वतोपरी मदत करील असे आश्वासन या भेटीत दिले.